# मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के कार्यालय में विश्व कुष्ठ रोग दिवस का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
**स्वास्थ्य एवं** परिवार कल्याण विभाग जिला चंबा द्वारा मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में विश्व कुष्ठ रोग दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जालम सिंह भारद्वाज ने की। आयोजन की शुरूआत में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीदी दिवस) के उपलक्ष्य में 2 मिनट का मौन भी रखा गया। इस आयोजन में स्वास्थ्य खंड पुखरी एवं स्वास्थ्य खंड चूड़ी की लगभग 40 आशा कार्यकताओं एवं लेप्रसी हॉस्पिटल के स्टाफ ने भाग लिया। इस मौके पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जालम सिंह भारद्वाज एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ हरित पुरी द्वारा उपस्थित आशा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए



कहा कि कुष्ठ रोग एक दीर्घकालीक संक्रामक रोग है जो माइकोबैक्टेरियम लेपरी नामक बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण होती है। इसका पाप ईश्वर के दंड या धर्म से कोई संबंध नहीं है। इस रोग के शुरूआती लक्षणों में शरीर पर लाल या ताम्बई रंग के धब्बे होना जिसमें संवेदनशीलता नहीं होती है अन्य लक्षण मांसपेशियों में कमजोरी त्वचा पर घाव, हाथ, पैर, टांगों और हाथों में सुन्नता हो सकते हैं।कुष्ठ रोग पैदा करने वाले बैक्टीरिया बहुत धीरे-धीरे बढ़ाते हैं इसलिए इसके लक्षण दिखने में कई साल लग जाते हैं। और यदि कुष्ठ

**बैठक**

**8 आयोजन की शुरूआत में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीदी दिवस) के उपलक्ष्य में 2 मिनट का मौन भी रखा गया**

रोग की पहचान जल्दी ना किया जाए तो यह रोग मनुष्य के नर्वस सिस्टम को प्रभावित करके उसमें अंगों की विकृति पैदा कर देता है जैसे कि हाथ व पांव की उंगलियों का गल जाना, नाक का टेढ़ा होना, भौहों का झड़ जानाए आदि हैं।इस मौके पर आशा कार्यकताओं को जागरुक करते हुए जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉक्टर वैभवी गुरंग द्वारा पीपीटी के माध्यम से लेप्रोसी क्या हैए इसके लक्षण क्या है एइसकी पहचान वह इसका तुरंत इलाज कैसे किया जाता है के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग का पूर्णतःउपचार संभव है। इसका उपचार एमडीटी थेरेपि द्वारा 6 माह से एक साल तक की अवधि तक चलता है जो की सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निशुल्क उपलब्ध है। इसके अलावा कुष्ठ रोग से बचाव हम निम्न उपाय उपाय से कर सकते हैं। लक्षणों पर नजर रखें, चोट से बचें, घाव को साफ रखें, बच्चों को कुष्ठ रोग की संभावना वयस्कों से अधिक होती है इसलिए बच्चों को हमेशा संक्रमित व्यक्ति से दूर रखें, लंबे समय तक संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में ना रहे तथा कुष्ठ रोग का निदान होने पर जल्दी से मल्टी ड्रग थेरेपी द्वारा पूर्ण अवधि तक उपचार कराएँ।

# सुखविंदर सिंह सुक्खू के एक साल का कार्यकाल नाकामियों का दस्तावेज है : जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**व्यवस्था परिवर्तन** का नारा देकर और गारंटियों के सब्जबाग दिखा कर सत्ता में आई कांग्रेस की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल नाकामियों का दस्तावेज है। संगठन हो या सरकार, तालमेल का अभूतपूर्व अभाव देखने में आ रहा है। शिक्षा हिमाचल प्रदेश का ऐसा विषय है, जिससे हर घर जुड़ा है। किंतु शिक्षा की प्राथमिकता यह है कि विदेश में शिक्षक भेजने में भी एक कथित मानदंड बनाया गया है जिसमें और सबकुछ है किंतु कोरोना काल में हर घर पाठशाला के माध्यम से घर-घर तक शिक्षा देने वालों का जिक्र ही नहीं है। केवल अवार्ड के सर्वाधिक नंबर रखे गए हैं। शिक्षा बोर्ड को आज तक एक अध्यक्ष नहीं मिला। बोर्ड में लापरवाही की स्थिति वह है कि सुबह होने वाली परीक्षाओं के आगे रात्रिकालीन



समय लिखा है। एक ओर प्रधानमंत्री देशभर के बच्चों के साथ परीक्षा से पूर्व इसलिए बात करते हैं ताकि विद्यार्थी तनाव या अवसाद में न रहें किंतु हिमाचल प्रदेश में वार्षिक परीक्षाओं की डेटशीट ही ऐसी बनाई है कि बच्चा सिर न उठा सके। स्वास्थ्य की स्थिति यह है कि आईजीएमसी और टांडा के मेडिकल कालेज में महत्वपूर्ण जांच के लिए मरीजों को अप्रैल की तारीख मिल रही है। उद्योगों का आलम यह है कि वे पलायन कर रहे हैं और जब उद्योग मंत्री मौखिक रूप से मुख्यमंत्री को कुछ बताते हैं तो सुना नहीं जाता और उद्योग मंत्री को कहना पड़ता है कि अब सारी बात लिखित में ही मुख्यमंत्री को बताई जाएगी। शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग में ये हाल हैं। आए दिन केंद्र को कोसने वाले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हमें परामर्श देते हैं कि हम जनहित की राजनीति करें। मेरा उनसे प्रश्न है कि आपने अब तक सलाहकारों की फौज बना करए उन्हें कैबिनेट रैंक देकर कौन से जनहित की राजनीति की है। हमारी सरकार ने तो मुख्य संसदीय सचिव नहीं बनाए। जयराम ने कहा कि कांग्रेस सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि अब कांग्रेस के विधायक भी सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं कि कांग्रेस की बैठकें शोकसभाएं हैं और चुने हुए लोगों को हटा कर अन्य को मूंगफ लियों की तरह कैबिनेट रैंक बांटे गए हैं।

# स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**
**शहीद दिवस** के अवसर पर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करने को लेकर मंगलवार को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन रख कर शहीदों के अमूल्य बलिदान को नमन किया। मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए इस दौरान अमित मैहरा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप



में मनाया जाता है। अमित मैहरा ने राष्ट्रपिता को नमन करते हुए उनके दिखाए गए मार्ग एवं सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर चलने का आग्रह करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के सिद्धांतों का पालन संपूर्ण विश्व में होता है। उन्होंने जिला वासियों से सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की भारतीय परंपरा के निर्वहन का भी आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह परम कर्तव्य है कि हम अपने अमर शहीदों के अमूल्य बलिदान को नमन करें।

# एंटी ड्रग अवेयरनेस रैली का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/ परवाणू/ विमल ग्रोवर**
**हिमाचल के प्रवेश** द्वार एवं औद्योगिक नगरी परवाणू में मंगलवार को नगर परिषद परवाणू के प्रांगण में लायन्स क्लब परवाणू कालका एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सामुहिक रूप से एंटी ड्रग अवेयरनेस रैली का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में परवाणू के सहायक आयुक्त महेंद्र प्रताप सिंह रहे। इस अवसर पर परवाणू के उप पुलिस अधीक्षक प्रणव चौहान, कालका के सहायक पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र शर्मा, नगर परिषद के अधिशासी अधिकारी अनुभव शर्मा, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लॉयन विनीत गोयल विशिष्ट अतिथि रहे।



मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में बच्चों को नशे के बारे में जागरूक किया और नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बार बार अवशय होने चाहिए जिससे समाज में जागरूकता आये और लोग इससे बच सकते हैं और जो लोग इससे बचे रहते है तो अपने मुकाम को अवश्य प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को कहा कि आपके माता-पिता आपके लिए कितनी मेहनत करके आपको पढ़ा लिखा रहे हैं। यदि इन नशे जैसे अभशाप में आप फ स गए तो आप अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाएंगे इसलिए नशे से आप सब को दूर रहना हैं। इस कार्यक्रम को कालका के सहायक पुलिस आयुक्त क्रिकेट जगत जाने माने सितारे व 2007 क्रिकेट वर्ल्डकप के हीरो जोगेन्द्र शर्मा ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में सभी बच्चो को कहा कि नशा एक अजगर की तरह होता हैं, जो नशा करने वाले के साथ साथ पुरे परिवार को निगल जाता हैं, इसलिए सभी विद्यार्थियों को खेलों के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए जिससे बच्चे नशे से दूर रह सकें। इस कार्यक्रम में परवाणू के उप पुलिस अधीक्षक प्रणव चौहान ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने भी सभी बच्चो को इस बुरी आदत से दूर रहने को कहा और उन्होंने कहा कि बच्चे भारत का का कल का भविष्य है अतः बच्चों को इस तरह कि बुरी आदतों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को आह्वान किया कि पढोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब, नशा करोगे तो हो जाओगे खराब। उन्होंने आह्वान किया कि आपके आसपास यदि कोई ड्रग कि तस्करी कर रहा हैं तो इसकी सुचना पुलिस प्रशासन को जरूर देवे। इस कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब कि पूजा गोयल ने भी सभी को आग्रह किया कि वे नशे रूपी अभिशाप से बचे और अपने आसपास सभी को जागरूक भी करे द्य लायंस क्लब परवानू कालका के प्रधान राजीव अग्रवाल ने सभी अतिथियों व सभी प्रतिभागी स्कूलों का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज फ्लैश

### पंचायती राज संस्थाओं के उप-निर्वाचन 2024 का कार्यक्रम अधिसूचित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के उप-निर्वाचन 2024 का कार्यक्रम अधिसूचित कर दिया गया है, जिसके अनुसार विकास खण्ड कुल्लू की ग्राम पंचायत मोहल के वार्ड मोहल-2 में वार्ड सदस्य, विकास खण्ड निरमण्ड की ग्राम पंचायत भालसी के खनोटा में वार्ड सदस्य तथा विकास खण्ड भून्तर की ग्राम पंचायत कसोल मे वार्ड ठोजा व वार्ड ग्राहण-1 में वार्ड सदस्य चुनाव कार्यक्रम अधिसूचित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार, 8,9 व 12 फ रवरी को प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 13 फ रवरी, 2024 प्रातः 10 बजे की जाएगी। 15 फ रवरी, 2024 को प्रातः 10 बजे से 3 सांय के मध्य नामांकन वापस लिए जा सकेंगे, नामांकन वापसी की समय सीमा पूरी होने के तुरंत बाद चुनाव लड? वाले अभ्यर्थियों की सूची व चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों का प्रकाशन 08 फ रवरी, 2024 या इससे पूर्व होगा। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान 25 फ रवरी, 2024 को प्रातः 8 से सांय 4 बजे तक होगा। यदि मतदान होता है तो मतदान की समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना की जायेगी।

### हिमुडा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पार्किंग गेट पर फेंका जा रहा मलबा, प्रशासन नहीं ले रहा संज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू/विमल ग्रोवर। परवाणू के** सेक्टर एक स्थित बैंक स्क्वायर के साथ सटे हिमुडा के शॉपिंग कॉम्पलेक्स के बाहर बैंक प्रबंधन द्वारा अपना मलबा फेंका जा रहा है। इतना ही नहीं यह मलबा बैंक स्क्वायर को प्रवेश करते गेट के साथ भी रखा गया है। जिसे लम्बे समय से उठाया नहीं गया। बैंक स्क्वायर के पास पड़े मलबे के कारण वहां आने वाले लोगों को समस्या से जूझना पड़ रहा है। इतना ही नहीं धूल और मिट्टी से भी लोग परेशान हो रहे है। इस सब को देख हिमुडा विभाग भी चुप्पी साधे हुए है, जबकि जिस जगह यह बेकार निर्माण सामग्री फेंकी गइ है वह भूमि और उसके साथ लगती पार्किंग हिमुडा विभाग की है। वहीं, इस बारे मुख्य बैंक प्रबंधक राहुल सूरी से बात की गई तो उन्होंने कहा की बैंक की रेनोवेशन का कार्य चला हुआ है। इसलिए यह वेस्ट मटिरियल यहाँ रखा गया है।

# संजीव अत्री की फिल्म सोंधी धरती, मीठा गुड़ राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**
**जिला सिरमौर से** संबंध रखने वाले राजकीय उच्च विद्यालय टोकियो के हेड मास्टर संजीव अत्री की फि ल्म सोंधी धरती मीठा गुड को राष्ट्रीय कृषि फिल्म उत्सव में राष्ट्रिय पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। यह फि ल्म उत्सव भारत सरकार के राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान द्वारा आयोजित किया जाता है। वर्ष 2023 के अगस्त माह में उत्सव हेतु नामांकन आमंत्रित किए गए थे। इस सप्ताह आयोजित फि ल्म उत्सव में 134 फिल्मों में से संजीव अत्री की फि ल्म सोंधी



धरती मीठा गुड़ को श्रेष्ठ चयनित फिल्म प्रतियोगिता की श्रेणी में रखा गया है। संजीव अत्री ने बताया की फिल्म सोंधी धरती मीठा को राष्ट्रिय पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। यह पुरस्कार 22 फरवरी को केंद्रीय कृषि संस्थान हैदराबाद में प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा की फिल्म उत्सव के निदेशक डॉक्टर

**प्रदर्शित**

**8 सरकारी नीतियों तथा गुण व चीनी की व्यावसायिक प्रतिद्वंता को भी प्रदर्शित किया गया है**

शरद कुमार ने उन्हें इस आशय की सूचना दी कि सोंधी धरती मीठा गुड़ फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। संजीव अत्री ने कहा कि 23 मिनट अवधि की फिल्म सोंधी धरती मीठा गुड़ की पटकथा लेखन एवं निर्देशक उन्होंने स्वयं किया है। फिल्म में एक और जहां भारत की सांस्कृतिक विरासत के रूप में दशार्ती है ए वहीं गुड़ की मौलिक स्वरूप जानने की कृषि तकनीक तथा जलवायु और उत्पादन हेतु विभिन्न पक्षों के साथ अच्छा बनाने की पारंपरिक एवं आधुनिक तकनीक को भी दशार्या गया है। फिल्म में गुड़ का पारंपरिक इतिहास, भारत में गुड़ के स्वास्थ्य हेतु लाभ, अच्छा बनाने की तकनीक गुड़ बनाने वाले कारीगरों की वर्तमान स्थिति, निर्माण से जुड़ी कठिनाइयां, सरकारी नीतियों तथा गुण व चीनी की व्यावसायिक प्रतिद्वंता को भी प्रदर्शित किया गया है।

## जलग्रां टब्बा सडक हादसे में एक घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। सदर थाना ऊना** के तहत जलग्रां टब्बा में पेश आए सडक हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ है। घायल व्यक्ति का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में उपचार जारी है। पुलिस ने मामले को लेकर बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मदन लाल निवासी जलग्रां टब्बा सुबह गांव के ही विश्वकर्मा मंदिर की ओर मुड़ रहा था। इसी दौरान नंगल की ओर से आ रहे एक बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में मदन लाल घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया गया।

# हिमाचल कोर्ट ने पी एंड जी के खिलाफ जॉय ऑफ लाइफ को दी बड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**बीते दिनों हिमाचल** प्रदेश में गंभीर अंतरराष्ट्रीय प्रभाव वाली एक बड़ी लड़ाई देखने को मिली जहां एक पुरस्कार विजेता भारतीय अन्वेषक (इनोवेटर) की शिकायत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालतचुनौती सगरोली के आदेश के आधार पर 30 दिसम्बर, 2023 को पुलिस ने धोखाधड़ी, विघटनकारी दृष्टि, विचार, पेटेंट प्रौद्योगिकी की चोरी और आपराधिक विश्वासभंग मामलों के लिए आईपीसी की धारा 120 बीए415ए 405 और 420



के तहत पी एंड जी के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ एफ आईआर दर्ज करने का निर्देश दिया।यह परिदृश्य एक स्टार्टअप कंपनी चलाने वाले भारतीय टेक्नो इनोवेटर की दुर्दशा को उजागर करता है जिसे टॉप फॉर्च्यून कंपनी पी एंड जी के कुछ अधिकारियों ने साझेदारी के झूठे और भ्रामक वादों के बहाने केवल अपने निहित स्वार्थों, व्यक्तिगत लालच और अपनी कंपनी के लिए अनैतिक मुनाफा कमाने हेतु धोखा दिया।राजीव पहली पीढ़ी के टेक्नो इनोवेटर उद्यमी हैं जो एडवांटेज टेलीविज? प्राइवेट लिमिटेड और एडवांटेज ऑर्गेनिक नेचुरल्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की एक इकाई एडवांटेज नेचर नामक इनोवेटिव बायोटेक्नोलॉजी संचालित कंपनी के संस्थापक और प्रमोटर हैं। इनके पास व्यापक, समर्पित अनुसंधान एवं विकास करने और बड़े पैमाने पर विनिर्माण गतिविधियों को मानकीकृत करने के लिए गांव दोची, साधुपुल, तहसील कंडाघाट जिला सोलन हिमाचल प्रदेश भारत में अपना अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण सेटअप है। 2018 में राजीव को उनकी आधिकारिक वेबसाइट और सोशल मीडिया साइटों के माध्यम से पी एंड जी के व्यापक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित कनेक्ट एंड डेवलप प्रोग्राम के बारे में पता चला जो इसे सिनसिनाटी में अपने प्रधान कार्यालय से वर्ष 2000 से चला रहा है।

# कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी : कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**भाजपा के पूर्व** प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी सरकार है। जिस प्रकार से पूरे प्रदेश में कर्मचारी सडकों पर है और अपना अधिकार मांग रहा है उसे पूर्ण रूप से स्पष्ट होता है कि यह सरकार कर्मचारी विरोधी है। हिमाचल प्रदेश में सभी वर्गों के कर्मचारी चाहे वह डॉक्टर, आईपीएस, पीडब्ल्यूडी, पुलिस, आउटसोर्स, एसएमसी, एचआरटीसी, बिजली बोर्ड, पेंशन भोगी, सभी निगम और बोर्ड सभी परेशान और हताश है। उन्होंने कहा की पेंशनरों को राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से पूर्ण आशा थी कि पेंशनरों के देय आर्थिक लाभों पर कोई घोषणा होगी, परंतु पेंशनरों को निराशा ही मिल पाई। उम्मीद थी कि पेंशन संशोधन की 80 फ ीसदी बकाया राशि, ग्रेच्युटी, लीव-एन-कैशमेंट, कम्युटेशन, महंगाई भत्ते की किस्तें, चिकित्सा बिलों के भुगतान के लिए पर्याप्त बजट न मिलना आदि को पूरा करने हेतु कम से कम महंगाई भत्ता की किस्त जारी करने की घोषणा तो हो जाएगी। नई सरकार का कार्यकाल एक वर्ष से ज्यादा हो चुका है, परंतु वरिष्ठ पेंशनरों के प्रति सरकार की उदासीनता बढ़ती जा रही है। इलाज के लिए अपनी जेब से खर्च की गई राशि के दौरान लाखों के चिकित्सा बिलों का वर्षों से विभागों द्वारा भुगतान नहीं किया



जा रहा है। बहुत से पेंशनर या फैमिली पेंशनर इस दुनिया को छोड़ चुके हैं। मृतक पेंशनरों के वैधानिक उत्तराधिकारियों को सरकार की ओर से अभी तक एक पैसा तक नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार द्वारा शास्त्री पद के लिए आरएंडपी में बदलाव किया गया है। इसके खिलाफ बेरोजगार शास्त्रियों ने शिमला में संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ के बैनर तले सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। संघ ने सरकार पर संस्कृत को बढ़ावा देने की बजाय इसको खत्म करने के आरोप लगाए हैं। भारतीय जनता पार्टी इस बात से सहमत है। सरकार ने शास्त्री पदों के लिए एनसीटीई का हवाला देकर आर एंड पी रूल बदल दिए हैं जिससे शास्त्रियों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। सरकार ने शास्त्री पदों के लिए बीए के साथ संस्कृत और बीएड को मान्यता दे दी है और शास्त्रियों को बीएड करने को कहा जा रहा है। जबकि चार से पांच हजार शास्त्री प्रदेश में बेरोजगार हैं।

# केरल की संस्कृति, पर्यटन स्थलों से परिचित हुए हिमाचल के विद्यार्थी

**टीम एक्शन इंडिया/ किन्नौर/ अनिल**
**समग्र शिक्षा द्वारा** एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के छह जिलो के 111 विद्यार्थियों में किन्नौर जिला के 18 मेधावी विद्यार्थियों में तीन एनसीसी व तीन एनएसएस शामिल है। प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बारंग रामदासी ने बताया कि उनके व रिकांग पीओ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के अंग्रेजी प्रवक्ता पवन कुमार के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने केरल के अनेक पर्यटन स्थलों का दौरा किया। जिसमें हिंदुस्तान के अंतिम छोर स्वामी विवेकानंद मेमोरियल जहाँ उन्होंने 1892 ई में चट्टान पर बैठकर



मेडिटेशन किया था उस स्थल से बंगाल की खाड़ी हिंदमहासागर को साक्षात महसूस किया है। राम दासी ने बताया कि इसके अलावा विद्यार्थियों को केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में पदनाम स्वामी मंदिर, कोवलम बीच, शंगुमुहम बीच व अनेको ऐतिहासिक पार्क व स्थलों का भ्रमण किया है। उन्होंने बताया

**दौरा**

**8 अंग्रेजी प्रवक्ता पवन कुमार के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने केरल के अनेक पर्यटन स्थलों का दौरा किया।**

कि इसके अलावा अनेकों शिक्षा से सम्बन्ध रखने वाले स्थलों धार्मिक, विज्ञान से जुड़े सभी स्थलों का भ्रमण किया व सभी विद्यार्थियों ने केरल की संस्कृति, धार्मिक, वैज्ञानिक, शैक्षणिक, समुन्द्र के आसपास के स्थलों पर्यटन स्थलों पर भ्रमण कर नई चीजें सीखी है। साथ ही साथ किन्नौर के विद्यार्थियों ने अपनी संस्कृति की झलक भी केरल में दिखाई है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य केरल प्रदेश से नई चीजें सीखने के साथ साथ नई व्यवस्थाओ से परिचित होना था। इस भ्रमण में मुख्य रूप से प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, समग्र शिक्षा राज्य परियोजना निदेशक, जिला समग्र परियोजना अधिकारी कुलदीप नेगी, राज्य परियोजना निदेशालय से समन्वयक वर्षा सूदए समन्वयक राज कपूर नेगी व अन्य अधिकारियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसके लिए राम दासी ने सभी का इस केरल भ्रमण को सफ ल बनाने के लिए आभार भी प्रकट किया है।

# डिप्टी सीएम मुकेश अग्रिहोत्री ने ऊना व लोअर कुटलैहड़ में 4.19 करोड़ रुपये की सौगात दी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

प्रदेश के डिप्टी सीएम मुकेश अग्रिहोत्री ने मंगलवार को ऊना व लोअर कुटलैहड़ में 4.19 करोड़ रुपये की सौगात दी। उप मुख्यमंत्री ने ऊना में 2 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पंचायत भवन की आधारशिला भी रखी। इसके अलावा बसाल में लगभग 67 लाख रुपए की लागत से जलापूर्ति योजना झलेड़ा, करीब साढ़े 71 लाख व 56 लाख 25 हजार रुपए की लागत से निर्मित जल शक्ति विभाग का सब डिविजन कार्यालय का लोकार्पण किया। इसके उपरांत डिप्टी सीएम ने लोअर कुटलैहड़ के बसाल में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याएं सुनी। सरकार



गांव के द्वार कार्यक्रम में 38 विभिन्न समस्याएं तथा 45 मांगे प्राप्त हुई।

डिप्टी सीएम मुकेश अग्रिहोत्री ने कहा कि लोगों की समस्याओं को उनके घर द्वार पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम बेहतरीन कार्यक्रम साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज में परिवर्तन व कांति लाने के एजेंडे पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वोट की राजनीति से ऊपर उठकर गरीब कल्याण की सेवा व जिला के संतुलित विकास के एजेंडे पर कार्य कर रही है। ऊना जिला में पानी की समस्याओं का स्थाई रूप से हल करने के लिए पूरे जिला में करोड़ों रुपए पानी की स्कीमों पर खर्च किए जा रहें, ताकि जिला के लोगों को पीने के लिए स्वच्छ जल व सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध करवाया जा सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अनाथ बेसहारा बच्चों के लिए सुख आश्रय योजना शुरू की। इस योजना को शुरू करने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल शक्ति विभाग के तहत 10 हजार नई भर्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि पानी की प्रत्येक स्कीम पर विभाग के कर्मी नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एचआरटीसी विभाग में 350 कंडक्टर व 350 चालकों की भी भर्तियां की जाएंगी। इसके साथ ही दर्शन सेवा योजना के तहत 175 रूटों पर नई बसें चलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि लोअर बंगाणा के लिए लगभग 44 करोड़ रुपए की स्कीम तैयार की है जिसकी शीघ्र आधाशिला रखी जाएगी, ताकि क्षेत्र के लोगों को सुचारू रूप से पर्याप्त जल उपलब्ध करवाया जा सके। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने बसाल में जल शक्ति विभाग का विश्राम गृह खोलने की भी घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा 334 व आयुष विभाग द्वारा 212 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। जांच शिविर में 184 लैब टेस्ट, 12 मरीजों के छाती के एक्सरे व 76 आभा कार्ड भी बनाए गए।

# इंद्र दत्त लखनपाल ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**राष्ट्रपिता महात्मा** गांधी की 77वीं पुण्य तिथि मंगलवार को बड़सर में भी शहीदी दिवस के रूप में मनाई गई। इस उपलक्ष्य पर विधायक इंद्र दत्त लखनपाल, उषा लखनपाल और क्षेत्र के अन्य कांग्रेसी नेताओं ने राष्ट्रपिता के चित्र पर पुष्प अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान का स्मरण किया। इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व करते हुए सत्य, अहिंसा और मानवता के सिद्धांत के बल पर देश को आजादी दिलाई थी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के सिद्धांत तथा मानवीय मूल्य कई दशकों से पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं और आज भी प्रासंगिक हैं। विधायक ने सभी लोगों से महात्मा गांधी के मार्ग पर चलने का आह्वान भी किया।

# 'नियमित टीकाकरण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित'



**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**मां और बच्चे** के जीवन को प्रमुख जानलेवा बिमारियों से सुरक्षित करने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में चल रहे टीकाकरण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करने के उदेश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यलय हमीरपुर के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डा. आरके अग्निहोत्री मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया । इस अवसर पर प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए डा. अग्निहोत्री ने कहा कि रूटीन टीकाकरण माँ और बच्चे के जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस टीकाकरण कार्यक्रम के परिणाम स्वरूप जहाँ तक इन दोनों वर्गों में होने वाली जानलेवा बिमारियों पर प्रभावी नियंत्रण हो पाया है वहीं पर इनके प्रभाव से मां व बच्चों में होने वाली लाखों मौतों को भी रोकना संभव हो पाया है । उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों

**टीकाकरण**

> 8 स्वरूप जहाँ तक इन दोनों वर्गों में होने वाली जानलेवा बिमारियों पर प्रभावी नियंत्रण हो पाया है

को यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक गर्भवती महिला तथा शिशु को सभी आवश्यक टिके समय पर लगें, उनकी गुणवता उतम स्तर की हो तथा टीकाकरण से कोई भी बच्चा किसी भी सूरत में न छूट पाए। उन्होंने यह भी कहा कि कठिन परिस्थितियों में रह रहे परिवार, झोपड़ पट्टी निवासी तथा प्रवासी लोगों के परिवारों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि टीकाकरण सम्बन्धी समस्त डाटा को आरसीएच पोर्टल पर नियमित रूप से पूर्ण जानकारी सहित अपलोड करें ताकि जिला की उपलब्धि का सही आकलन डिजिटल रूप में उपलब्ध रहे और उसकी प्रभावी मोनिटरिंग संभव हो

# डीएवी में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

## शिक्षा उपनिदेशक देवेंद्र चंदेल ने सम्मानित किए मेधावी

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**डीएवी सेनटेनरी** पब्लिक स्कूल ऊना का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में गुरू नानक देव जी वंशज बाबा अमरजोत बेदी ने शिरकत की। जबकि विशेष अतिथि के रूप में शिक्षा उपनिदेशक देवेंद्र चंदेल, प्राचार्य अतुल महाजन, स्थानीय कमेटी के उपप्रधान बलविंदर सिंह, सदस्य आशुतोष शर्मा, महेंद्र सैनी व प्रेरणा महाजन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के



अंतर्गत मयार्दा पुरुषोत्तम राम स्तुति के दौरान जय श्री राम के उद्घोष से विद्यालय प्रांगण गूंजाएमान हो उठा। कक्षा प्रथम, द्वितीय के छात्रों द्वारा फैशन शो की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। योग क्रियाओं पर आधारित देशभक्ति गीत चक दे इंडिया ने देशभक्ति का जोश पैदा कर दिया। हिमाचली संस्कृति को दशार्ती पहाड़ी नाटी ने सभी को झूमने पर विवश कर दिया। पुराने समय की गीतमाला को डीएवी आर्केस्ट्रा द्वारा पेश किया गया ,जिसकी खूब सराहना की गई। प्राचार्य अतुल महाजन ने विद्यालय की वर्तमान स्थिति और बोर्ड परीक्षा परिणाम तथा विद्यालय विकास की प्रगति के बारे में वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

शिक्षा उपनिदेशक देवेंद्र चंदेल ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक देवेंद्र चंदेल ने छात्रों को नैतिकता, बुद्धिमत्ता और जीवन में सफल होने के अपने अनुभव साझा किए। मुख्यातिथि अमरजोत बेदी ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को नया रूप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

उन्होंने छात्रों को सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत करने और सफल भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी नमित शर्मा, डीएवी रैहन की प्राचार्य रश्मि जमवाल, नादौन के प्राचार्य सुरजीत राणा, करमिंद्र कौर, नमिता शर्मा, दीपिका बस्सी, सोनिका, किरण भयाना सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भटोली के दो गुटों के बीच मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। मैहतपुर** थाना के तहत भटोली के दो गुटों के मारपीट का मामला सामना आया है। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने पुलिस के पास शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर क्रॉस केस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मोहन लाल निवासी भटोली ने बताया कि सोमवार को स्विस गार्नियर कंपनी मैहतपुर से दोपहर बाद डयुटी के बाद अपने घर जा रहा था। इसी दौरान गांव के ही विनय कुमार अन्य आधा दर्जन लडको के साथ आया और रास्ता रोक कर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा।

# पुराना बस स्टैंड के पास तीन कारों में टक्कर, दो जख्मी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**मिनी सचिवालय** ऊना के समीप पुराने बस स्टैंड के पास तीन कारों की टक्कर में दो व्यक्ति घायल हुए हैं। घायल व्यक्तियों का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया। वहीं पुलिस ने हादसे के संदर्भ में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बलविंदर सिंह निवासी चुरूडू ने बताया कि सोमवार देर रात्रि अपनी कार में सवार होकर बहड़ाला से घर जा रहा था। पुराना बस स्टैंड ऊना के समीप पहुंचने पर पाया कि एक होंडा सिटी कार झलेड़ा की तरफ



से गलत दिशा से आई और इसकी कार के साथ-साथ एक अन्य कार को भी टक्कर मार दी। इस सडक हादसा में बलविंद्र सिंह व दूसरी कार में सवार हरदयाल सिंह को चोटें पहुंची है, जिन्हें उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने साहिल निवासी रैंसरी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# असम प्रदेश के बिहू नृत्य ने मोहा सबका मन



**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**राजकीय मॉडल** सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुबारकपुर में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि गगरेट के विधायक चैतन्य शर्मा रहे। मुख्य अथिति विधायक चैतन्य शर्मा का स्कूली बच्चों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम और ज्योति प्रज्जवलन कर की गई। इस अवसर पर गगरेट विधायक को स्कूल प्रधानाचार्य व स्टाफ द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान बच्चों ने मनमोहक सांस्कृति प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। बच्चों ने जहां नारी शक्ति पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं छात्राओं द्वारा पंजाबी भांगड़ा और असम प्रदेश का बिहू नृत्य पेश किया। नारी सम्मान और रामायण का केबट संवाद लघु नाटिका ने सबको मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य सरला देवी ने बच्चों की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। इस दौरान विधायक चैतन्य शर्मा ने स्कूल के होनहार बच्चों को सम्मानित किया। विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ समाज को स्वस्थ करना भी है। इसके लिए हम नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहे है। विधायक ने कहा कि समाज का हर वर्ग नशे के खिलाफ इस लड़ाई में हमारे साथ आए और नशे बेचने वालों के खिलाफ मोर्चा खोल लें, हम और हमारी सरकार आपके साथ है। इस मौके पर जिला पार्षद अश्विनी कुमार ब्लाक कांग्रेस प्रधान सुरेंद्र कंवर, उपप्रधानाचार्य सतनाम कौर, अधीक्षक राजीव शर्मा, स्कूल प्रबंधक कमेटी के प्रधान बालकृष्ण, ग्राम पंचायत प्रधान सृष्टा देवी, उपप्रधान शमशेर सिंह, पूर्व उपप्रधान रणजीत सिंह, वार्ड सदस्य युद्ववीर सिंह, उद्योगपति प्रमोद शर्मा, सुशील कुमार व रजिंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हिमाचल प्रदेश की महिला और पुरुष वर्ग की टीम हैदराबाद रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**अंडर 20 राष्ट्रीय** स्तर कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की महिला और पुरुष वर्ग की टीम हैदराबाद रवाना हो गई है इसमें मंडी जिला से पुरुष वर्ग में निखिल ठाकुर पंडोह से और महिला वर्ग में शगुन नायक बलह घाटी से हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व टीम में हिस्सा बनकर करेंगे। यह बात जिला मंडी कबड्डी एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी नेत्र सिंह ठाकुर ने पत्रकारित वार्ता के दौरान पंडोह मे कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने के उपरांत दोनों खिलाडि?ों को राष्ट्रीय स्तर में जगह मिली है। उन्होंने इसके लिए जिला मंडी कबड्डी एसोसिएशन के प्रधान टेकचंद शर्मा और सभी संगठन के सदस्यों और खिलाडि?ों को इसकी बधाई दी है। उन्होंने कहा कि स्कूली टूनामेंट में सानिया चोपड़ा, कुनाल ठाकुर, राजकुमार ने भी इस बार राष्ट्रीय स्तर कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया है। सीनियर वर्ग में भी भावना ठाकुर और शिवानी ठाकुर ने मंडी जिला का नाम रोशन किया है। उन्होंने सभी खिलाडि?ों को और उनके परिवार को इसकी बधाई दी है और कहा कि हैदराबाद में पहली फरवरी से लेकर 4 फ रवरी तक यह टूनामेंट खेला जाएगा।

# एबीवीपी की सामन्य ज्ञान प्रतियोगिता में भद्रकाली के जतिन प्रथम

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की राज्य स्तरीय स्वामी विवेकानन्द सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित हो गया है। यह जानकारी चंदन सेखड़ी ने दी। सेखडी ने बताया कि एबीवीपी ऊना जिला द्वारा जिला में आयोजित हुई स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 1208 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में भद्रकाली स्कूल के जतिन वर्तिया प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर डीएवी स्कूल ऊना के प्रथित व कन्या स्कूल ऊना की प्राची शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला भर में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले इन छात्रों को विद्यार्थी परिषद ऊना जिला द्वारा क्रमशः 11 हजार, 71 सौ व 51 सौ के नकद पुरस्कारों के साथ सम्मानित करेगी। इसी के साथ एक हजार के पांच सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किए जायेंगे। चंदन सेखड़ी ने बताया कि जल्द ही विद्यार्थी परिषद ऊना जिला स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह करेगा, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

# राहुल ठाकुर बने आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक उदयपुर के अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/ केलांग/ अंगारिया। राहुल** ठाकुर को लाहुल स्पीति के उदयपुर ब्लॉक आदिवासी कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आदिवासी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रवि ठाकुर ने यह नियुक्ति की है । उन्होंने कहा कि राहुल ठाकुर लाहुल की तिंदी पंचायत से संबंध रखते हैं और छात्र जीवन से ही कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं। राहुल ठाकुर ने आदिवासी कांग्रेस के उदयपुर ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने पर लाहुल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर, लाहुल कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञालसन ठाकुर का आभार व्यक्त किया है।

# बीजेपी मण्डल सुजानपुर की विशेष बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ। बीजेपी** मण्डल सुजानपुर की विशेष बैठक आज मण्डल अध्यक्ष बिक्रम राणा की अध्यक्षता में पार्टी ऑफिस सुजानपुर में आयोजित की गई।बैठक में आगामी 2 तारीख को होने वाले कार्यक्रम महिला गीत संगीत प्रतियोगिता जो केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा चलाई गई है के बारे में चर्चा की गई इस बार यह कार्यक्रम सुजानपुर में आयोजित किया जा रहा है।बैठक में महिला मोर्चा की अध्यक्षा सरोज ठाकुर विशेष रूप से उपस्थिति रहीं। बैठक में इंस्पेक्टर प्यार चंद को मन की बात जो प्रधानमंत्री द्वारा हर महीने के अन्तिम रविवार बार को किया जाता है।

# महामंत्री अनिल कौशल जगन कटजिला प्रशासन ने दी गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**राष्ट्रपिता महात्मा** गांधी की 76वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यालयों अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लघु सचिवालय परिसर में भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में बलिदान देने वाले शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आशा कार्यकर्ताओं को कुष्ठ रोग के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**स्वास्थ्य परिवार** कल्याण विभाग खंड अंब द्वारा स्थानीय सिविल हॉस्पिटल के तत्वाधान में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय कुष्ठ प्रतिरोधी दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजीव गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित जागरूकता शिविर में आशा कार्यकताओं को जागरूक किया गया। डॉक्टर राजीव गर्ग ने बताया कि कुष्ठ रोग कोई देवी प्रकोप नहीं है। समय पर इसकी जांच व इलाज करवा कर पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अगर किसी में




कोई लक्षण मिलते हैं, तो ऐसे व्यक्तियों को पुष्टि के लिए चिकित्सा अधिकारियों के पास भेजेंगे तथा पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों से कुष्ठ रोग से संबंधित सभी जानकारी का आदान-प्रदान करेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर राहुल कतना, खंड स्वास्थ्य शिक्षक राजेश शर्मा, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रामपाल शर्मा और गणेश देवी उपस्थित रहे।

